**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–20 जुलाई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने वाराणसी में किया युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन का उद्‌घाटन। कहा– विकसित भारत के लिए नशा मुक्त भारत अभियान में शामिल हों युवा
- संसद का मानसून सत्र कल से होगा शुरू, केंद्र सरकार ने आज नई दिल्ली में बुलाई सर्वदलीय बैठक।
- मोबाइल पर मरीजों को मिलेगी स्वास्थ्य जांच रिपोर्ट, मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक विस्तारित की गई सुविधा।
- मौसम विभाग ने पूर्वांचल के अलग अलग हिस्सों में अगले दो दिनों तक गरज चमक के साथ बारिश का जताया अनुमान, कुछ स्थानों पर भारी बारिश और बिजली गिरने की भी चेतावनी।

**********

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कल वाराणसी में युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए नशा मुक्त युवा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने लोगों से राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता देने, नशा मुक्त भारत अभियान में शामिल होने और समाज के सभी वर्गो से इस अभियान में अपने साथ कम से कम पांच युवाओं को जोड़ने का संकल्प लेने की अपील की।

*हर युवा पाँच युवाओं को नशा मुक्त अभियान के साथ जोड़ सकता है। जो व्यक्ति नशे की लतसे जड़ेहुए हैं तो नशा पर मुक्ति कैसे पाए उसके लिए सामाजिक अभियान के तौर पर हम उसकोसमझा सकते हैं। तीन दिन का हमारा चिंतन का मतलब ये हैहम सब लोग सामूहिकतौर पर एक संकल्प करें एक कार्ययोजना बनायें ये कार्ययोजना पांच साल तक केइम्पलीमेंट करके विकसित भारत में युवाओं को नशा मुक्तहो के अपना कान्ट्रीब्यूशन करने को प्रेरित करें।*

इस अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि उनका विभाग युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को धरातल पर उतारने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

*युवाओं की शक्ति को सकारात्मक दिशा में ले जाने का जो नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के माध्यम से जो प्रयास किया गया है, उसमें केवल भारत सरकार के मंत्रालय ही नहीं, राज्य सरकार का भी सहयोग चाहिये होगा। इसको सामाजिक, आध्यात्मिक संगठनों का भी सहयोग चाहिये। इसमें हमारे धर्मगुरुओं का भी सहयोग चाहिये, तब कहीं जाकर अपने युवाओं की ताकत को जो है, एकत्रित करने सही दिशा में ले जाकर करके देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी जो विकसित भारत का सपना लेकर 2047 में साथ जायेंगे तो आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत के सपने को साकार करने में हमारी युवाओं की भूमिका को सशक्त रूप से जोड़ा जाये।*

केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा कि सम्मेलन में प्रतिभाग कर रही संस्थाओं और युवाओं की भागीदारी से सांस्कृतिक विरासत को और अधिक मजबूत करने और नशे जैसी महामारी को दूर करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि काशी घोषणा पत्र निश्चित रूप से विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा के संकल्प को पूरा करेगा। सम्मेलन में केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर भी मौजूद थे। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा विषय पर आयोजित इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में देश भर के 100 आध्यात्मिक और सामाजिक–सांस्कृतिक संगठनों के 500 से अधिक युवा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करना है। इसका समापन आज काशी घोषणा पत्र के विमोचन के साथ होगा।

**********

सरकार ने कल से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सत्र से पहले आज एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की है। इस बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों की निर्बाध कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग करने का आग्रह करेगी। मॉनसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान दोनों सदनों की कुल 21 बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संवददाताओं को बताया की सरकार संसद में उठाये जाने वाले सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है।

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होने अपनी इस मुलाकात को शानदार बताया। उन्होंने कहा कि श्री मोदी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री हैं। योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया। इससे पहले उन्होंने नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भी भेंट की।

**********

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए प्रदेशभर में मिशन अस्मिता चलाया जा रहा है। कल लखनऊ में मीडिया से बातचीत करते हुए डीजीपी ने कहा कि पुलिस ने अवैध धर्मांतरण का रैकेट चलाने वाले एक और गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में विभिन्न राज्यों से दस आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

**********

यूपी एटीएस ने कल अवैध धर्मांतरण के मुख्य आरोपित जमालुद्दीन उर्फ छांगुर गिरोह के लिए काम करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एटीएस की ओर से बताया गया है कि गिरफ्तार आरोपित बलरामपुर जिले के रहने वाले हैं। दोनों लंबे समय से गरीब और मजबूर लोगों को धर्म बदलने के लिए उकसाने का काम कर रहे थे।

**********

प्रदेश सरकार ने मरीजों की सहूलियत के लिए अब उन्हें उनकी स्वास्थ्य जांच रिपोर्ट उनके मोबाइल पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। मरीजों को लैब रिपोर्ट उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेज दी जाएगी। यह सुविधा जांच के बाद कुछ ही घंटों में मिल जाएगी। अब तक यह सुविधा राजधानी के बड़े अस्पतालों में ही उपलब्ध थी। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सचिव रितु माहेश्वरी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर ये सुविधा प्रदेश के हर जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक विस्तारित की गयी है।

**********

प्रदेश में सावन के दूसरे सोमवार को देखते हुए कांवड़ियों की सुविधा के लिये विभिन्न जिलों में प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कई जिलों में यातायात व्यवस्था बदली गयी है।

*प्रदेश में कांवड़ यात्रा को देखते हुए कई राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर भारी वाहनों का प्रवेश सोमवार की देर शाम तक के लिये रोक दिया गया है। साथ ही प्रमुख शिव मंदिरों को जाने वाली सड़कों पर गाड़ियों का रूट बदला गया है। कांवड़ यात्रा के चलते 23 जुलाई तक बस्ती–अयोध्या हाईवे पर वाहनों के आने–जाने पर रोक रहेगी। इस दौरान लखनऊ से आने वाले वाहनों को बाराबंकी से जरवल रोड होते हुए और अयोध्या से आने वाले वाहनों को कटरा की तरफ डायवर्ट किया गया है। वहीं गोरखपुर से लखनऊ की तरफ जाने वाली गाड़ियों को खलीलाबाद की तरफ डायवर्ट किया गया है। मेरठ में टैफिक डायवर्जन लागू कर दिया गया है, जिसके तहत गाजियाबाद से उत्तराखण्ड, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर या बिजनौर जाने वाले भारी वाहनों को डायवर्ट कर संचालित किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

**********

राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता एवं दृष्टिदोष नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चलाये गये राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान के दौरान गोरखपुर जिले ने पूरे प्रदेश में मोतियाबिंद के सर्वाधिक मरीजों का ऑपरेशन करवा कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। साथ ही स्कूलों में आई–स्क्रिनिंग कर चश्मा वितरण के मामले में भी गोरखपुर पूरे राज्य में दूसरे स्थान पर है।

**********

पहाड़ों और प्रदेश के कई हिस्सों में हो रही बारिश और विभिन्न बैराजों से पानी छोड़े जाने की वजह से प्रदेश की विभिन्न नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। प्रयागराज में गंगा और यमुना के जल स्तर में हो रही लगातार बढ़ोत्तरी को देखते हुए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। मौसम विभाग ने राज्य के पूर्वांचल में अगले दो दिनों तक कहीं कहीं गरज चमक के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है, जबकि इसी दौरान पश्चिमी जिलों में कहीं–कहीं हल्की और कुछ स्थानों पर भारी बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी दी है। अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव का अनुमान नहीं हैं।

**********